an>

Title: Need to provide adequate compensation to the farmers whose crops have been destroyed due to hailstorm in Chitrakoot district of Deoria Parliamentary constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मानानीय उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट जनपद में जिला मुख्यालय कर्वी में पिछले तहसील दिवस के दिन ओला पीड़ित किसानों, गरीब महिलाओं एवं वृद्धों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बर्बर लाठी चार्ज किया गया। एक लेखपाल आठ गांव में लगे हैं, वे रिपोर्ट ठीक से नहीं बना रहे हैं। उनका दोष केवल इतना था कि वे ओला वृष्टि से हुए नुकसान की रिपोर्ट ठीक से न बनने की शिकायत लेकर गए थे। लाठी चार्ज से दर्जनों लोग घायल हो गए हैं और कई लोगों की हालत गंभीर है। महिलाओं की बेइज्जती की गई है, उनके कपड़े और अंतरवस्त्र तक फट गए हैं। यहां सैंकड़ों की भीड़ थी। यहां सौ फीसदी फसल नष्ट हो गई है जिस कारण शादियां स्थगित कर दी गई हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि माननीय कृषि मंत्री जी उस क्षेत्र का दौरा करें और राहत देने का पर्याप्त इंतजाम करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Anoop Mishra – not present.